19-10-09 प्रात:मुरली ओम् शान्ति ''बापदादा'' मधुबन

''मीठे बच्चे – बेहद की अपार खुशी का अनुभव करने के लिए हर पल बाबा के साथ रहो''

प्रश्न:- बाप से किन बच्चों को बहुत-बहुत ताकत मिलती है?

उत्तर:- जिन्हें निश्चय है कि हम बेहद विश्व का परिवर्तन करने वाले हैं, हमें बेहद विश्व का मालिक बनना है। हमें पढ़ाने वाला स्वयं विश्व का मालिक बाप है। ऐसे बच्चों को बहुत ताकत मिलती है।

मीठे-मीठे सिकीलधे बच्चों प्रति मात-पिता बापदादा का याद-प्यार और गुडमॉर्निंग। रूहानी बाप की रूहानी बच्चों को नमस्ते।

धारणा के लिए मुख्य सार:-

अपने दिल से पूछना है:-

1) बाप से इतना जो खुशी का खजाना मिलता है वह दिमाग में बैठता है?

2) बाबा हमें विश्व का मालिक बनाने आये हैं तो ऐसी चलन है? बातचीत करने का ढंग ऐसा है? कभी किसी की ग्लानि तो नहीं करते? 3- बाप से प्रतिज्ञा करने के बाद कोई अपवित्र कर्म तो नहीं होता है?

वरदान:- दृढ़ संकल्प की तीली से आत्मिक बाम्ब की आतिशबाजी जलाने वाले सदा विजयी भव

आजकल आतिशबाजी में बाम्ब बनाते हैं लेकिन आप दृढ़ संकल्प की तीली से आत्मिक बाम्ब की आतिशबाजी जलाओ जिससे पुराना सब समाप्त हो जाए। वह लोग तो आतिशबाजी में पैसा गंवायेंगे और आप कमायेंगे। वह आतिशबाजी है और आपकी उड़ती कला की बाजी है। इसमें आप विजयी बन जाते हो। तो डबल फायदा लो, जलाओ भी, कमाओ भी - यह विधि अपनाओ।

स्लोगन:- किसी विशेष कार्य में मददगार बनना ही दुआओं की लिफ्ट लेना है।